हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 15 मार्च 2026

06 रसोई गैस के लिए मारामारी, टंकियों को लेकर...


09 'नियम जनता की सुविधा के लिए बने हैं, यदि प्यासे...




### दुकानदार चाहते हैं पुस्तक मेला जून में आयोजित हो, जबकि नया सत्र अप्रैल से शुरू होगा

# पुस्तक मेले पर टकराव, शिक्षा विभाग व पुस्तक विक्रेताओं में सहमति नहीं बनी

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पहले विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रस्तावित पुस्तक मेले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी और पुस्तक विक्रेताओं के बीच सहमति नहीं बन सकी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नए सत्र से पहले किताबों और कॉपियों में कमिशन का खेल न शुरू हो इसके पहले शिक्षा विभाग ने शनिवार को प्रस्तावित पुस्तक मेला आयोजित करने जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में पुस्तक विक्रेताओं के साथ बैठक आयोजित की, जिमसें सहमति नहीं बन सकी। अब इस मुद्दे पर विक्रेताओं की अगली बैठक कलेक्टर के साथ कराने की बात कही गई है। दसअसल नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत से पहले छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रस्तावित पुस्तक मेले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति और जिले के पुस्तक विक्रेताओं के बीच सहमति नहीं बन सकी। इस मुद्दे पर हुई बैठक के दौरान माहौल काफी गहमागहमी भरा रहा। इस बैठक में इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, पुस्तक विक्रेता और निजी स्कूलों के कुछ संचालक पहुंचे थे। बैठक में पुस्तक मेले को लेकर विक्रेताओं में एक राय नहीं बन सकी।

कुछ विक्रेताओं का कहना था कि जब मध्यप्रदेश में कहीं भी पुस्तक मेला नहीं लग रहा है, तो फिर नर्मदापुरम में क्यों लगाया जा रहा है।

### अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र

नया शैक्षणिक सत्र अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, ऐसे में एसएनजी स्कूल परिसर में पुस्तक मेला आयोजित किया जाए ताकि अभिभावकों और विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर आसानी से किताबें मिल सकें और बच्चों की पढ़ाई समय पर शुरू हो सके। हालांकि जिले के पुस्तक विक्रेता इस प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए। उनका कहना था कि पुस्तक मेला जून माह में लगाया जाए। इस मांग को लेकर सभी विक्रेता एक राय होकर अपने निर्णय पर अड़े रहे। बैठक में काफी देर तक चर्चा के बावजूद जब दोनों पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी, तो जिला शिक्षा अधिकारी को एक सप्ताह बाद फिर से बैठक बुलाने का निर्णय लेना पड़ा। गौरतलब है कि समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध होना छात्रों की पढ़ाई के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे में पुस्तक मेले को लेकर बना यह गतिरोध बच्चों और अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बन सकता है। अब सभी की नजरें अगली बैठक पर टिकी हैं, जहां इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है।




### मेले को जून तक टालना चाहते हैं पुस्तक विक्रेता

पुस्तक विक्रेताओं और शिक्षा विभाग के बीच सहमति न बन पाने के कारण पुस्तक मेले की तारीख तय नहीं हो सकी। कई विक्रेताओं ने स्टॉक की कमी का हवाला देते हुए मेले को जून तक टालने की बात कही, जबकि कुछ विक्रेता मेला आयोजित करने के पक्ष में ही नहीं हैं। विक्रेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे मार्च या अप्रैल में मेला लगाने में असमर्थ हैं। अगर ऐसा होता है तो विद्यार्थियों और अभिभावकों को फिर परेशान होना पड़ेगा।

### कलेक्टर के निर्देश पुस्तक मेले का आयोजन करें

शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले कई निजी स्कूलों में किताबों के नाम पर बड़ी कमाई का खेल शुरू हो जाता है। किताबों की खरीद में मिलने वाले कमीशन के जरिए स्कूलों को अभिभावकों की जेब से लाखों रुपये तक का फायदा मिल जाता है। इस पूरे मामले में स्कूल प्रबंधन को अपनी ओर से कोई पूंजी भी नहीं लगानी पड़ती, बस जरूरत होती है निजी प्रकाशकों और कुछ चुनिंदा दुकानदारों के साथ मिलीभगत की। लेकिन इस बार कलेक्टर सोनिया मीना के स्पष्ट निर्देश है कि स्कूल सत्र शुरू होने से पहले पुस्तक मेले का आयोजन किया जाए ताकि यह कमीशन का खेल खत्म हो सके और लोगों को फायदा मिले।

### जून में पुस्तक मेला आयोजित करें

इस संबंध में एक बुक डिपो के संचालक मनीष गुप्ता का कहना है कि बैठक सफल रही, हमने हमारी समस्याएं डीईओ सर के सामने रखी। अभी व्यापारियों के सामने समस्या है कि सिलेबस चेंज हुआ है जिसके कारण स्टॉक नहीं है। हमारा सर से आग्रह था कि जून में पुस्तक मेला आयोजित करे तो ज्यादा बेहतर होगा।

### आसान और कम दाम पर मिले पुस्तक

नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले अभिभावकों को सभी पुस्तकें, किताब, ड्रेस और बैग आसान और कम दर पर मिले। ताकि अभिभावकों को फायदा हो और एक ही दुकान पर पुस्तक, स्टेशनरी मिलने वाली समस्या से जुटकारा मिल सकें। उन्होंने आगे कहा, सभी दुकानदारों को पुस्तकों की कक्षावार सूची भी दें दी गई है। ऐसे सभी मेले में दुकान लगाकर जिला प्रशासन के सकारात्मक प्रयास को सफल बनाने में सहयोग करें।

**एलएन प्रजापति**, जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम

# एक घंटे के भीतर हुई दो लूट की वारदातों का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

तवानगर थाना क्षेत्र में एक घंटे के भीतर हुई दो लूट की घटनाओं का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल फोन, नकद राशि और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 13 मार्च 2026 को फरियादी साहबलाल भूसारे (60) निवासी पिपरिया कला अपनी पत्नी फूलवती बाई के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे चौरासी बाबा मोड़ के पास जंगल में एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक रोककर विवो कंपनी का मोबाइल और पत्नी के पर्स में रखे 6 हजार रुपये लूट लिए। इस मामले में थाना तवानगर में मामला दर्ज किया गया। कुछ ही देर बाद ग्राम घोघरी निवासी रामेश्वर भल्लावी ने भी थाना पहुंचकर सूचना दी कि शाम करीब 7 बजे खेत से घर लौटते समय गांव के बाहर चौतरावाली माता मंदिर के पास तीन युवकों ने उन्हें रोककर धमकाया और उनका ओप्पो कंपनी का मोबाइल तथा जेब में रखे 500 रुपये लूट लिए। मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तवानगर ने आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया। पुलिस ने तकनीकी सहायता और ग्रामीणों के सहयोग से संदेहियों की पहचान कर रात में ही तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में




राहुल बाथरे 24 वर्ष निवासी भिलाड़िया बरेली हाल गजपुर, खुमान सिंह उर्फ पिट्टू सिसोदिया 30 वर्ष निवासी गजपुर थाना रामपुरगुर्रा तथा निखिल मालवीय 19 वर निवासी गांधी वार्ड सोहागपुर शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों लूट की घटनाएं करना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए दोनों मोबाइल, नगद राशि और घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल सहित लगभग 50 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया है।

### पुलिस टीम को मिलेगा 20 हजार का सम्मान

पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को 20 हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन और एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी उनि संजय पांडे के नेतृत्व में की गई।

# 2 किलो 10 ग्राम गांजा रखने पर युवक को 2 साल की सजा, 3 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट में 2 किलो 10 ग्राम गांजा रखने के मामले में दोषी को 2 वर्ष के कठोर कारावास और 3 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना पथरौटा के आरोपी राहुल पाण्डे पिता सुभाष चंद्र पाण्डे (27 वर्ष), निवासी मालवीगंज इटारसी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।


विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार पठारिया ने बताया कि 1 नवंबर 2022 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राहुल पाण्डे बिना नंबर की पुरानी टीवीएस मोटरसाइकिल से गांजा लेकर बेचने के उद्देश्य से नगर की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छत्रपाल ढाबा पथरौटा नहर मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के हैंडल में लटके सफेद प्लास्टिक के झोले से 2 किलो 10 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही गांजा जब्त कर सीलबंद किया और आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। प्रकरण की विवेचना मानिक सिंह वट्टी प्रथम विवेचक एवं प्रवीण कुमार चौहान द्वितीय विवेचक द्वारा की गई। वहीं न्यायालय में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार पठारिया ने प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# शार्टेज का डर, बुकिंग होते ही एजेंसी सिलेंडर डिलीवरी लेने पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

खाड़ी देशों में चल रही अशांति के कारण ईधन की आपूर्ति प्रभावित होने के डर से घरेलू एलपीजी सिलेंडर के लिए एजेंसियों में उपभोक्ताओं के बीच होड़ मच गई है। शहर में सभी एजेंसियों के ऑफिस के बाहर सिलेंडर की डिलीवरी के लिए उपभोक्ता की लाइन लगी हुई है। एजेंसी संचालक भी सिलेंडर आपूर्ति करने वाली कंपनियों की तय गाइड लाइन के तहत उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेंडर दे रहे है जिनकी मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग के साथ ओटीपी है। वहीं नर्मदापुरम में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह भी शहर में घूम-घूमकर सिलेंडरों की जांच कर रहे है। पिछली रात भी टीम ने अनाधिकृत रूप से गैस सिलेंडरों का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की थी। इसी बीच जिले में कोयले और जलाऊ लकड़ी के दामों में इजाफा हो गया है।




### लौटा पुराना दौर

व्यावसायिक गैस सिलेडरों की बुकिंग और सप्लाई प्रभावित होने से कैटरिंग से जुड़े कारोबारियों में निराशा है। कुलामढ़ी रोड़ पर दो दिनों पहले हुई शादी में लकड़ी के चूल्हे पर शादी का खाना पकाया गया। जिसने पुराने दिनों की याद ताज कर दी।

# तीन दिन से पारा 40 डिग्री पार दर्ज हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। धूप तल्ख हो रही है। लगातार तीसरे दिन नर्मदापुरम का अधिकतम तापमान 40 डिसे ऊपर दर्ज किया गया। दोपहर में तेज धूप व गर्मी आमजनों को खासी परेशान कर रही है जिसके कारण दिन में मुंह पर कपड़ा लपेटे लोग नजर आ रहे है। दोपहर में सड़कों पर आवागमन कम हो गया है। लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे है। सूर्य देव के तेवर धीरे-धीरे बढ़ने से लोग परेशान है। शनिवार को अधिकतम तापमान



40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से बचने सलाह जारी कि है।

# 6 किलो गांजा रखने वाली महिला को 3 साल का कठोर अर्थदंड और 5 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम


विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट में अदालत ने 6 किलो गांजा रखने के मामले में दोषी महिला को 3 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला विशेष प्रकरण थाना जीआरपी इटारसी के अपराध में सुनाया गया। अदालत ने आरोपी कल्याणी राव पति गोपाल राव 40 वर्ष निवासी ग्राम पेंडू, थाना मध्यपालम, जिला शिखा विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) को एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार पठारिया ने बताया कि 24 अक्टूबर 2023 को सहायक उपनिरीक्षक अनीता दास स्टाफ के साथ इटारसी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रही थीं। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक महिला संदिग्ध अवस्था में कंधे पर नीले रंग का पिट्ठू बैग लेकर खड़ी दिखाई दी। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगी, जिसे स्टाफ ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर महिला के बैग से 6 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी के पास गांजा रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद थाना जीआरपी इटारसी में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

प्रकरण की विवेचना अनीता दास एवं आरएस बकोरिया द्वारा की गई। न्यायालय में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार पठारिया द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

### हाथ ठेला वालों पर कार्रवाई, होटल-बड़ी दुकानों पर नहीं




**पिपरिया।** पिपरिया में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई की। पचमढ़ी रोड और तहसील चौराहे पर चाय-नाश्ता बेचने वाले ठेलेवालों के सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई शासन के आदेशानुसार सभी होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों की जांच कर की जा रही है। फिलहाल शहर के बड़े भोजनालयों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस विषय पर एसडीएम आकिब खान ने कहा कि शासन के उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार जांच कराई जाए ऐसे निर्देश अनुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए।

### इफ्तार पार्टी में विधायक सिंह का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

**सोहागपुर।** रमज़ान के पवित्र माह में शुक्रवार को शहर के किलापुरा वार्ड में दावत-ए-इफ्तार पार्टी आयोजित की गई। इस दौरान रोजेदारों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे व सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक विजयपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनका मुस्लिम समाज द्वारा पुष्पमालाओं और गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने इस अवसर पर सभी को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारे व मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ये आयोजन समाज में एकता एवं सौहार्द को और अधिक मजबूत करते हैं। दावत-ए-इफ्तार में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, पार्षद गौरव पालीवाल सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकारबंधु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक वसीम खान एवं मित्र मंडली ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। इफ्तार के समय बड़ी संख्या में लोगों ने रोजा खोलकर एक साथ भोजन किया।



### नर्मदापुरम टीम ने जीती जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत शनिवार को नर्मदा महाविद्यालय इनडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल में विकासखण्ड नर्मदापुरम की टीम ने केसला को हराकर विजेता बनी, जबकि सोहागपुर टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीम को 21 हजार रूपए उपविजेता को 11 हजार रूपए और तृतीय स्थान को 5 हजार 100 रूपए पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष राधा बाई सुधीर पटेल, सीईओ हिमांशु जैन आईएएस, जिला परियोजना अधिकारी शैलेश ऊके, जिला परियोजना अधिकारी योगेंद्र राय,जिला खेल अधिकारी उमा पटेल द्वारा जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।

### विधायक ने अस्पताल में 50 लाख रुपए लागत की अत्याधुनिक लैब का लोकार्पण किया

# जन स्वास्थ्य के मामलों में सफल काम किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

भाजपा सरकार ने जन स्वास्थ्य मामलों में सफल मैदानी कार्य किए हैं। फलस्वरूप सोहागपुर शासकीय अस्पताल में आधुनिक लैब बनाई गई है। उक्त बात विधायक विजयपाल सिंह ने लैब लोकार्पण कार्यक्रम में शुक्रवार रात कही। उल्लेखनीय है कि 50 लाख रुपए लागत से लैब निर्मित की गई है। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती के लिये लैब निर्माण व इसका उपयोग बड़ा कदम साबित होगा। उन्होंने बताया कि नवर्निर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का लोकार्पण शुक्रवार रात लगभग आठ बजे विधायक विजयपाल सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ है। यह अत्याधुनिक लैब 50 लाख रुपये लागत से तैयार हुई है। इससे क्षेत्र के हजारों मरीजों को स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण जांच सुविधाएं मिल सकेंगी। लोकार्पण कार्यक्रम विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य व नपाध्यक्ष लता



यशवंत पटेल की अध्यक्षता में हुआ। विधायक ने कहा कि अपने निर्वाचन क्षेत्र में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता होती है। और वे स्वयं इसके लिये सतत प्रयत्नशील हैं। लोकार्पण समारोह में नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, विजय नन्नू छाबड़िया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, भगवान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि रामबाबू रघुवंशी, आशीष विश्वकर्मा, अंकुश जायसवाल, डॉ. कमलेश विश्वास, नेत्र सहायक अशोक कुमार शाक्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### 80 से अधिक जांचें होंगी

बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर के अनुसार सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अत्याधुनिक लैब में अब 80 से अधिक जांचें होंगीं। नई लैब के शुरू होने से मरीजों को अब जांच के लिए अन्य शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। 80 से अधिक जांचों में कई महत्वपूर्ण और जटिल जांचें भी शामिल हैं। इससे मरीजों का समय और खर्च दोनों बचेगा। मरीजों को जांच उपरांत स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार सुविधा मिलेगी।

# नगर में बच्चों के लिए नया विद्यालय भवन तीन वर्ष बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

नगर में स्थित आर एन ए उत्कर्ष विद्यालय, जो पहले उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में जाना जाता था, का भवन निर्माण कार्य 3 वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद पूरा नहीं हो पाया है। शासन द्वारा इसे सांदीपनि विद्यालय घोषित किए जाने के बाद भी बच्चों को नवीन भवन में पढ़ाई का अवसर नहीं मिला है। टेंडर अनुबंध के अनुसार, भवन निर्माण कार्य 2 वर्षों में पूरा होना था, लेकिन ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के पीआईयू के साथ कथित मिलीभगत के कारण यह अब तक अधूरा है। वर्तमान में बच्चे और शिक्षक शहीद भगत सिंह कालेज में अस्थायी व्यवस्था में पढ़ाई कर रहे हैं।

भवन के केवल सामने के हिस्से में रंगाई-पुताई का काम हुआ है, जबकि शौचालय, पेयजल टंकी और अन्य बुनियादी सुविधाएं अभी भी अधूरी हैं। प्राचार्य संजय दुबे ने बताया कि 27 मार्च तक निर्माण पूरा होने का आश्वासन



दिया गया है, वहीं कार्यपालन यंत्री ने बताया कि भवन केवल 2026 में ही तैयार कर सौंपा जाएगा। स्थानीय अभिभावक और शिक्षक बच्चों की पढ़ाई की असुविधा को लेकर चिंतित हैं और भवन निर्माण में तेजी लाने की मांग कर रहे हैं। भवन के पूरा न होने के कारण छात्र शहीद भगत सिंह कालेज में अस्थायी कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे हैं। केवल भवन का सामने का हिस्सा रंगाई-पुताई के लिए तैयार हुआ है। शिक्षक बच्चों की असुविधा को लेकर चिंतित हैं और तेजी से निर्माण पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क पंचकर्म शिविर में 360 लोगों ने लिया उपचार का लाभ

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा आमजन के बेहतर स्वास्थ्य और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी और जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और उन्होंने परामर्श के साथ उपचार का लाभ लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर के निर्देशन में आयोजित शिविर का संचालन अनुभवी डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया गया। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका और सहायक नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र डडोरे के मार्गदर्शन में मरीजों को उपचार दिया गया। वहीं जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग में नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका उइके और सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सरिता डहेरिया के मार्गदर्शन में विभाग के कर्मचारियों ने मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान लोगों में पंचकर्म चिकित्सा के प्रति विशेष रुचि देखने को मिली। मरीजों ने सामान्य बीमारियों के लिए परामर्श लेने के साथ ही पंचकर्म जैसी प्राचीन और प्रभावशाली आयुर्वेदिक पद्धति के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रीना चौकीकर ने बताया कि पंचकर्म शरीर के शुद्धिकरण की प्रक्रिया है, जो कई पुरानी और जटिल बीमारियों में लाभकारी सिद्ध होती है। आयुष विभाग समय-समय पर ऐसे निःशुल्क शिविरों का आयोजन करता है, ताकि समाज के हर वर्ग तक आयुर्वेद और पंचकर्म का लाभ पहुंचाया जा सके। शिविर में आए लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना की और बताया कि इस तरह के आयोजनों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उपचार की सुविधा मिलती है। शिविर में कुल 360 लाभार्थियों ने उपचार और परामर्श का लाभ प्राप्त किया।


### आदिवासी बोली के नुक्कड़ नाटक से जंगल बचाने की मुहिम

**आमला।** जिले में जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने जनजागरूकता का अनोखा तरीका अपनाया है। वन संरक्षक बैतूल मधु व्ही.राज,दक्षिण वनमंडल के डीएफओ अरिहंत कोचर,एसडीओ पांडे और आमला रेंज के रेंजर नानकराम कुशवाह की पहल पर स्थानीय आदिवासी बोली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। आमला रेंज के वनग्राम लादी में आयोजित नुक्कड़ नाटक में एकलव्य लोक कला समिति बैतूल के लोक कलाकार बसंत कवड़े और उनकी टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों को अपनी बोली-भाषा में जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा का संदेश दिया। कलाकारों ने नाटक के जरिए बताया कि महुआ बीनने और तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान कई बार अनजाने में लगाई गई आग पूरे जंगल को नुकसान पहुंचा देती है, जिससे वन संपदा के साथ-साथ वन्य जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। वन विभाग के अनुसार हर वर्ष गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे रोकने के लिए विभाग सैटेलाइट डेटा से निगरानी, फायर लाइन निर्माण, वनकर्मियों की गश्त और जनजागरूकता अभियान जैसे कई उपाय कर रहा है। दक्षिण वनमंडल द्वारा इस बार ग्रामीण अंचलों में स्थानीय कलाकारों की मदद से नुक्कड़ नाटक आयोजित कर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अपनी ही बोली में संदेश को आसानी से समझ सकें। नाटक के दौरान ग्रामीणों को जंगलों की सुरक्षा और आगजनी की घटनाओं को रोकने की शपथ भी दिलाई गई। वन अधिकारियों का कहना है कि फायर सीजन के दौरान महुआ और तेंदूपत्ता संग्रहण के समय आग लगने का खतरा अधिक रहता है।

## गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारें, परंतु विभाग का दावा- पर्याप्त स्टॉक

# रसोई गैस के लिए मारामारी, टंकियों को लेकर उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



ईरान-इजरायल युद्ध का असर भारत में एलपीजी गैस पर दिख रहा है। हालात यह है कि सर्वर डाउन होने के कारण गैस बुकिंग करने में काफी समय लग रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार बुकिंग बमुश्किल हो भी रही है तो तीन-चार दिनों बाद में सिलेंडर मिल रहा है। जिसकी वजह शहर की गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की कतारें लग रही हैं। उपभोक्ता सिलेंडर रिफिल कराने की हड़बड़ी में है। जबकि गैस एजेंसियों का कहना है कि कंपनियों की ओर से आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है, लेकिन सर्वर डाउन होने से बुकिंग प्रभावित हुई है। दूसरी ओर घरेलू रसोई गैस की होम डिलेवरी में देरी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। जिसके कारण रसोई गैस को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि कई उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग तक नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों में चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है। शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर प्रतिदिन सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ देखी जा रही है। हालांकि आपूर्ति विभाग ने घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने का दावा किया है। विभाग का कहना है कि ऑयल कंपनी से आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऑयल कंपनियों द्वारा एहतियातन घरेलू गैस कनेक्शन की रिफिल बुकिंग अवधि 21 दिवस के स्थान पर 25 दिवस कर दी गई है। साथ ही कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई उपलब्धता के आधार पर निरंतर जारी है।

### बार-बार प्रयास के बावजूद बुकिंग नहीं

गैस सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों का कहना है कि कई बार प्रयास करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो रही है। जयप्रकाश वार्ड बैतूल निवासी गृहिणी कुमुद मिश्रा ने बताया कि विगत 4 दिनों से गैस बुकिंग हेतु दिए गए फोन नंबर पर बुकिंग करने का प्रयाास किया जा रहा है परंतु बुकिंग नंबर लगातार व्यस्त ही बता रहा है और ओटीपी भी जनरेट नहीं हो पा रहा है, वहीं सदर बैतूल निवासी गृहिणी राधा यादव ने बताया कि पहले मिस कॉल करने से ही तुरंत ओटीपी प्राप्त हो जाता था और उसी समय गैस सिलेंडर भी प्राप्त हो जाता था, परंतु अब ना तो बुकिंग नंबर काम नहीं कर रहा है और ना ही एजेंसी वाले फोन उठा रहे है। हम खाना बनाने के लिए लकड़ी जलाकर चूल्हे का उपयोग कर रहे है जिससे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बस सरकार से निवेदन है जल्द से जल्द हमारी समस्या का समाधान करें। वहीं कई उपभोक्ताओं को एजेंसी पहुंचकर भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। जैसे ही गैस से भरी गाड़ी एजेंसी पर पहुंचती है, कुछ ही समय में सभी सिलेंडर खत्म हो जाते हैं। उपभोक्ताओं के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध की खबरों के कारण गैस सप्लाई प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इसी आशंका के चलते लोगों में गैस की कमी का डर बढ़ गया है और वे पहले से ही सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। वहीं होटल, हास्टल आदि चलाने वाले एहतियात के तौर पर अतिरिक्त सिलेंडर रखने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे अचानक मांग बढ़ गई है।

### जिले में 3.48 लाख गैस उपभोक्ता

गौरतलब है कि जिले में कुल 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है, जिनमें से 2 लाख 10 हजार उज्जवला योजना के लाभार्थी है। अकेले बैतूल शहर की बात करे तो यहां 50 हजार से अधिक घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शन हैं। शहर की तीन गैस एजेंसियां मिलकर प्रतिदिन औसतन करीब 800 सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को करती हैं। आंकड़ों के अनुसार शहर में हर महीने लगभग 25 से 28 हजार घरेलू गैस सिलेंडरों की खपत होती है। मांग बढ़ने और तकनीकी दिक्कतों के कारण इन दिनों आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। इधर एलपीजी गैस की संभावित किल्लत को लेकर आम लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है। गैस एजेंसियों के बाहर कतार में खड़े लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सिलेंडर महंगा है और उसे पाने के लिए भी लंबी कतार में लगना पड़ रहा है।

### सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना बढ़ी मांग

गैस एजेंसी संचालक सुरेंद्र कपूर का कहना है कि सामान्य दिनों की तुलना में इन दिनों उपभोक्ताओं की संख्या काफी बढ़ गई है। मांग अधिक होने के कारण वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर गैस की सप्लाई बंद नहीं हुई है, लेकिन बढ़ती भीड़ के कारण अस्थायी अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। इधर प्रशासन का दावा है कि रसोई गैस की कोई वास्तविक किल्लत नहीं है और पर्याप्त मात्रा में सप्लाई जारी है। जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा गैस संकट की अफवाह फैलाई जाने से उपभोक्ताओं में घबराहट पैदा हो रही है,

### जिले में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों से बचने की अपील

जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने कहा कि बैतूल जिले में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा ऑयल कंपनी से आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऑयल कंपनियों द्वारा एहतियातन घरेलू गैस कनेक्शन की रिफिल बुकिंग अवधि 21 दिवस के स्थान पर 25 दिवस कर दी गई है। साथ ही कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई उपलब्धता के आधार पर निरंतर जारी है। अत्यंत आवश्यक संस्थाओं चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थाओं में आपूर्ति निर्बाध जारी है। गैस कनेक्शन की रिफिल बुकिंग में सर्वर की कुछ आंशिक समस्या के कारण कुछ विलंब हो रहा है। जिसका निराकरण भी ऑयल कंपनियों से सतत समन्वय कर दुरूस्त किया जा रहा है। इसके अलावा होटल, रेस्टोरेन्ट, उद्योग संस्थानों को ईंधन के रूप में एलपीजी के अतिरिक्त अन्य ईंधन के विकल्प के उपयोग के लिए भी समझाइश दी जा रही है। जिससे कि होटल, रेस्टारेन्ट, उद्योग संस्थान भी सुचारू रूप से संचालित रहे। अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के नेतृत्व में तहसीलदार, पुलिस थाना प्रभारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का दल गठित कर एलपीजी के उपयोग एवं सप्लाई पर सतत निगरानी करायी जा रही है। जिले में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को लेकर किसी भी तरह की कमी या आपात जैसी स्थिति नहीं है।

### इनका कहना है

बैतूल जिले में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा ऑयल कंपनी से आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। घरेलू गैस कनेक्शन की रिफिल बुकिंग अवधि 21 दिवस के स्थान पर 25 दिवस कर दी गई है। गैस कनेक्शन की रिफिल बुकिंग में सर्वर की कुछ आंशिक समस्या के कारण कुछ विलंब हो रहा है। जिसका निराकरण भी ऑयल कंपनियों से सतत समन्वय कर दुरूस्त किया जा रहा है।

**-केके टेकाम**, जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

## खंडेलवाल की पुत्री के निधन पर शोक

# सीएम यादव और डिप्टी सीएम देवड़ा पहुंचे बैतूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री कृष्णा गौर शनिवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने गंज स्थित निवास पहुंचकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पुत्री सुरभि के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को हेलीकॉप्टर से बैतूल पहुंचे। उन्होंने गंज स्थित खंडेलवाल निवास जाकर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वे सुरभि के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए हैं। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल जी ने सुरभि की बहुत सेवा की। वह बाल्यकाल से ही कष्ट में थी, लेकिन परिवार के किसी सदस्य के बिछडऩे का दुख तो होता ही है। उन्होंने कहा कि इस शोक की घड़ी में वे परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और बाबा महाकाल से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें। इससे पहले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री कृष्णा गौर भी बैतूल पहुंचे। उन्होंने खंडेलवाल निवास जाकर परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सडक़ मार्ग से बैतूल पहुंचे थे। देवड़ा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### खंडेलवाल निवास पर उमड़े प्रदेशभर के नेता

सुरभि खंडेलवाल के निधन के बाद से बैतूल में प्रदेशभर के नेताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। खंडेलवाल निवास पर शनिवार को भी प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री, जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का लगातार आना-जाना लगा रहा। सभी ने दिवंगत सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। सुरक्षा और हेलीपैड की व्यवस्थाएं स्थानीय प्रशासन द्वारा संभाली गईं।

## बंटी वासनिक बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**बैतूल।** आल इंडिया एसटी/एससी/ओबीसी माइनॉरिटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार रामटेके ने शासकीय सेवा के दौरान वित्त विभाग में ऑडिटर की सेवा देते हुए सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भी अपने दायित्व का निर्वहन करने वाले राजेन्द्र कुमार वासनिक (बंटी वासनिक) को इस महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया हैं। राष्ट्रीय स्तर पर श्री वासनिक की नियुक्ति पर महासंघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक बंधुओं, परिजनों , शुभचिंतकों, ईष्टमित्रों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। ऑल इंडिया एसटी/ एससी /ओबीसी माइनॉरिटी के इस महासंघ में मध्य प्रदेश के बैतूल जिले से श्री वासनिक सहित देश भर में आठ उपाध्यक्ष और महासचिव ,सचिव सहित कुल 23 सदस्यों की नियुक्ति की गई है । जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि बैतूल सहित चार जिलों के कलेक्टर व एसपी को भी इसकी जानकारी भेजी गई है जिसमें बैतूल, भोपाल ,पांढूर्णा और छिंदवाड़ा शामिल है।

## प्रबंधन एवं ठेकेदारों के साथ चर्चा

# बकाया वेतन भुगतान के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



पाथाखेड़ा क्षेत्र की कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों के बकाया वेतन को लेकर जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन अब समाधान की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे श्रम अधिकारी आशीष गुप्ता आंदोलन स्थल पर पहुंचे और मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसके बाद प्रबंधन एवं ठेकेदारों के साथ चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

बैठक में यह सहमति बनी कि प्रबंधन के नियमानुसार तीन दिनों के भीतर मजदूरों का बकाया वेतन उनके बैंक खातों में जमा कराया जाएगा। इस आश्वासन के बाद मजदूरों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। श्रम अधिकारी ने ठेकेदारों के साथ विशेष चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मजदूरों को उनका संपूर्ण वेतन समय पर प्रदान किया जाए तथा भविष्य में किसी भी मजदूर के वेतन में अनावश्यक देरी या बिना कारण कार्य से हटाने जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त कई वर्षों से लंबित कुछ मजदूरों के सीएमपीएफ (कोल माइंस प्रोविडेंट फंड) की कटी हुई राशि को भी आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर वापस दिलाने की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान श्रमिकों के समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रदीप नागले, मनोज पवार, संतोष देशमुख, बाबूलाल भारती, धर्मेन्द्र चौरे, लिखीराम, बलराम देशमुख, मोहन, अजय सहित अन्य समाजसेवी एवं मजदूर प्रतिनिधि मौजूद रहे। मजदूरों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन और प्रबंधन के हस्तक्षेप से उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान निकलेगा।

# शानदार रिकार्ड के साथ नए आयाम देने के लिए तत्पर

## पीएम श्री एमएलबी स्कूल बैतूल में हुआ जेईई तथा नीट की निःशुल्क कक्षाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



पीएमश्री एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जेईई और नीट की निशुल्क कोचिंग 2026 का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र वरकडे एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से पधारे सहायक संचालक सुरेंद्र सोलंकी के द्वारा किया गया।

कोचिंग में अध्ययन के लिए बैतूल विकासखंड के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। कोचिंग में शासकीय विद्यालय में अध्यापन कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा अध्यापन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र वरकडे ने कहा कि अपनी तैयारी में रिकॉल पद्धति का उपयोग करें। जिला आईटी समन्वयक विनोद पडलक और कोचिंग प्रभारी प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर ने कहा कि सीमित संसाधन एवं सीमित समय में लगन पूर्वक तैयारी करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हीरेंद्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्य, बैतूल विकासखंड के कोचिंग प्रभारी संजय निरापुरे एवं एमएलबी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य भालचंद पांडे, एमएलबी स्कूल की जेईई तथा नीट प्रभारी शिक्षिका सिंधु सरनेकर उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं सीईओ अक्षत जैन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग के सभी विकासखण्डो में जेईई तथा नीट की निशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

### कोचिंग का रिकार्ड रहा है

यह कोचिंग सर्वप्रथम जिले मे 2023 से संचालित की गई है, जिसमें जेईई तथा नीट में 95, 2024 में 85, 2025 में 103 एवं इस वर्ष प्रथम अटेम्प्ट में 71 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। अभी जेईई दूसरा प्रयास की परीक्षाएं बाकी हैं। इस निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाकर बहुत से विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग तथा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पा चुके है।

### जरूरतमंदों के लिए अवसर

शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के ऐसे पालक जो अपने बच्चों की बड़ी कोचिंग की फीस नहीं दे पा रहे हैं या अपने बच्चों को बड़े शहरों में बाहर नहीं भेज पा रहे हैं उनके लिए भविष्य बनाने का एक अच्छा अवसर है। इस कोचिंग की सहायता से विद्यार्थी जेईई तथा नीट जैसी कठिन परीक्षा में भी अपने आपको सहज महसूस कर परीक्षा दे पाते हैं। जिला जेईई तथा नीट प्रभारी प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर ने बताया कि सत्र के प्रारंभ से ही विज्ञान और गणित विषय से संचालित सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में जेईई तथा नीट की तैयारी कराई जा रही है।

### विशेषज्ञों की बनाई टीम

जिला स्तर पर एक पांच सदस्यीय जिला स्तरीय टीम बनाई गई है। इस टीम के मुखिया नीलेश्वर कालभोर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सेमझिरा है साथ ही इसमें गणित विषय के विषय विशेषज्ञ भोजराज पोटफोडे, उमेश कुमार शर्मा, घनश्याम वरवडे, भौतिक शास्त्र विषय के विषय विशेषज्ञ मदन गोपाल सूर्यवंशी है जो कि जिला स्तर पर अध्ययन सामग्री तथा टेस्ट पेपर्स को शासकीय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहायता से तैयार कराते है।

### यह प्रक्रिया अपनाई जाती है

इन विद्यालयों के जेईई तथा नीट विद्यालय प्रभारी को व्हाट्सएप के जरिए सीधे टेस्ट पेपर्स भेजे जाते हैं जिसका प्रिंट आउट निकालकर विद्यार्थियों से ओएमआर शीट पर हल कराया जाता है। इसके पश्चात समय सारणी से आंसर शीट भेजी जाती है ।

## तीन लाख कर्मचारियों में आक्रोश

# टीईटी आदेश को बताया सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के विपरीत



**बैतूल।** टीईटी परीक्षा को लेकर जारी आदेश के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, विधि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को ज्ञापन भेजकर आदेश वापस लेने की मांग की है।

संघ ने आरोप लगाया है कि आदेश जारी करते समय शासन की प्रक्रिया और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं किया गया, जिससे प्रदेश के लगभग तीन लाख शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में भय और रोष का वातावरण बन गया है।

इसमें राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सचिन राय ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी आदेश क्रमांक यूसीआर /सी/85/प्रा.मा.शि./2025-26 दिनांक 3 मार्च 2023/26 में टीईटी परीक्षा के संबंध में आदेश जारी किया गया है, लेकिन इसकी भाषा और उल्लेख से स्पष्ट होता है कि इस विषय में राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, सचिवालय स्तर या स्कूल शिक्षा सचिवालय से कोई सलाह, अभिमत या लिखित अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया। शासन नीति के अनुसार ऐसे निर्णयों में राज्य स्तर पर अनुमोदन आवश्यक होता है, जो आदेश में कहीं भी उल्लेखित नहीं है।

## लोक अदालत में कई विवादों को आपसी समझौते से निकाला हल

# सुलझे सैकड़ों मामले, टूटे परिवार फिर से हुए एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। लोक अदालत में कई ऐसे पारिवारिक विवाद भी सुलझे, जिसमें मनमुटाव के कारण परिवार लंबे समय से अलग-अलग रह रहे थे। लोक अदालत के माध्यम से इन टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ते हुए साथ रहने के लिए राजी किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों के निराकरण के लिए कुल 27 खंडपीठों का गठन किया गया था। इन खंडपीठों में सडक़ दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, मोटर व्हीकल, विद्युत चोरी, भूमि अधिग्रहण, ट्रैफिक चालान और श्रमिक मामलों सहित कई प्रकरणों की सुनवाई कर आपसी सहमति से निपटारा किया गया। कुटुंब न्यायालय में भी कई पारिवारिक मामलों का समाधान हुआ।




इनमें मिलानपुर निवासी एक दंपति का मामला विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण दोनों करीब दो वर्षों से अलग रह रहे थे। लोक अदालत में समझाइश और आपसी सहमति के बाद दोनों के बीच सुलह हो गई और वे पुनः साथ रहने के लिए राजी हो गए। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक से संबंधित एक चेक बाउंस का मामला भी लोक अदालत में सुलझाया गया। एमपीईबी से जुड़े एक मामले में लेखीराम यादव का राजीनामा कराया गया। इन प्रकरणों के समाधान में अधिवक्ता हीरामन सूर्यवंशी, संजय शुक्ला तथा सहयोगी अधिवक्ता अर्जुन लिखितकर, राजकुमार कांगले, आनंद खातरकर और दीपांशु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आर्थिक संकट से जूझ रही बैतूल नपा की जेब में आए 93 लाख रुपए

नगर पालिका कार्यालय में आयोजित लोक अदालत में बकायेदारों ने पहुंचकर करों का भुगतान किया और सरचार्ज का लाभ लिया। नपा के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक ब्रजगोपाल परते ने बताया कि संपत्ति कर, समेकित कर, सामान्य जलकर, जल शुल्क, दुकान/भवन भूमि किराया, शिक्षा उपकर, नगरीय विकास उपकर के बकायेदारों ने करों का भुगतान किया। शाम 7 बजे तक नगरपालिका को टैक्स के माध्यम से करीब 93 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। बताया जा रहा है कि लोक अदालत के लिए लगभग 850 बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए थे, जिन पर संपत्ति कर, जल कर और दुकानों का किराया बकाया था।

### *नगरपालिका में लोक अदालत में 120 प्रकरणों का निपटारा, 10 लाख से ज्यादा की वसूली*

*सारनी। नगर पालिका कार्यालय में शनिवार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक किया गया। लोक अदालत में 120 प्रकरणों का निपटारा कर 10 लाख से ज्यादा की कर वसूली की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शनिवार 14 मार्च को लोक आदालत का आयोजन किया गया। इसमें संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, विकास उपकर एवं जलकर के बकायदारों के प्रकरणों की सुनवाई की गई। आयोजित लोक अदालत में संपत्तिकर समेत अन्य बकाया करों के प्रकरणों की सुनवाई हुई। इसमें कुल मिलाकर 120 प्रकरणों को सुना गया। इनमें सुलह कर लगभग 10 लाख रूपए से ज्यादा की राजस्व वसूली की गई। प्रकरण में सुनवाई के दौरान बकायदारों को नियमानुसार छूट भी प्रदान की गई। जिन लोगों ने अभी तक बकाया एवं चालू टैक्स नहीं जमा किया है वे 31 मार्च के पूर्व जमा करा देवें।*

खबर संक्षेप



### इंदौर ने यंग स्टार भोपाल को 88 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मुकाबले खेले गए। इसमें पहला मुकाबला इंदौर ने यंग स्टार भोपाल को 88 रन से हराया। वहीं एक अन्य रोमांचक मैच भोपाल क्रिकेट अकादमी और मयंक चतुर्वेदी अकादमी के मध्य खेला गया था। जिसमें भोपाल क्रिकेट टीम ने दो रन से शानदार जीत दर्ज की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच इंदौर और भोपाल के मध्य खेला गया था, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंदौर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 216 रन बनाए थे। इसमें नमन ने 21 रन, अगमय ने 35 रन, तनमय ने 51 गेंद पर शानदार विस्फोटक 102 रन और कृष्णा ने 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग स्टार भोपाल की टीम 19.1 ओवर में 128 रन ही बना सकी। इस प्रकार इंदौर की टीम 88 रन से जीती। इसके अलावा दूसरा मैच काफी रोमांचक रहा। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 180 रन बनाए थे।

खंभे की चिंगारी से किसान की सालभर की मेहनत जलकर खाक, एक पल में लाखों रुपए का हो गया नुकसान

# 11 केवी से बरसी आग, 10 एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल राख, दिन में भी चालू थी बिजली लाइन

## बिजली विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल, चार गांव के ग्रामीणों और सरपंच की तत्परता से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत छीपानेर में शुक्रवार दोपहर बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक किसान की सालभर की मेहनत को कुछ ही मिनटों में राख कर दिया। खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से गिरी चिंगारी ने देखते ही देखते करीब 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल को आग की लपटों में समेट लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि किसान संभल भी नहीं पाया और पूरी फसल जलकर खाक हो गई। इस हादसे में किसान को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। ग्राम छीपानेर निवासी किसान रणबीर सिंह चौहान के खेत के बीचोंबीच 11 केवी बिजली लाइन गुजर रही है। इसी दौरान अचानक बिजली के पोल से चिंगारी गिरी और सूखी खड़ी गेहूं की फसल ने तुरंत आग पकड़ ली। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते करीब 10 एकड़ खेत जलकर खाक हो गया।

### हड़कंपः चार गांव के ग्रामीण दौड़े, तब काबू हुई आग

आग लगने की खबर मिलते ही ग्राम पंचायत छीपानेर में हड़कंप मच गया। सरपंच शशिराज सिंह चौहान (लक्की बना) तत्काल मौके पर पहुंचे और पंचायत का पानी का टैंकर लेकर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। उधर आसपास के गांवों में भी खबर फैलते ही चार गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने झाड़ियों, टहनियों और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। पंचायत के टैंकर से लगातार पानी डाला गया। ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयास के चलते आग को आगे फैलने से रोक लिया गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के कई किसानों की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी और नुकसान कई गुना बढ़ सकता था।

### दमकल पहुंची तब तक ग्रामीणों ने संभाल ली स्थिति

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को भी जानकारी दी गई। करीब 20 मिनट बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक ग्रामीणों और पंचायत की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर शेष बची आग को पूरी तरह बुझाया और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि तब तक किसान रणबीर सिंह चौहान की करीब 10 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत छीपानेर के पटवारी और रानीपुरा-चोरसाखेड़ी के पटवारी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का मुआयना किया। प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान का आरोप—दिन में बिजली चालू थी, इसलिए हुआ हादसा

घटना के बाद किसान रणबीर सिंह चौहान ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से निकली चिंगारी के कारण उनकी पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा दिन में खेतों की बिजली सप्लाई बंद रखने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद लाइन चालू थी। यदि बिजली बंद रहती तो यह हादसा टल सकता था। किसान का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें लाखों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है।

### सरपंच ने उठाई मुआवजे की मांग

ग्राम पंचायत छीपानेर के सरपंच शशिराज सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे शासकीय स्कूल के पास खेत में अचानक आग लगने से किसान रणबीर सिंह चौहान की करीब 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि घटना की जांच कर किसान को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। उनका कहना है कि किसान की सालभर की मेहनत कुछ ही मिनटों में राख हो गई, ऐसे में प्रशासन को तत्काल राहत देकर किसान की मदद करनी चाहिए।

### क्या बोले अधिकारी

तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि पटवारी द्वारा मौके का मुआयना कर रिपोर्ट तैयार की गई है। शासन के नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए किसान को मुआवजा देने की प्रक्रिया की जाएगी।

वहीं बिजली विभाग के डी. राजेश अग्रवाल ने कहा कि खेतों और पंपों की बिजली सप्लाई बंद है। घटना की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। 11 केवी लाइन चालू होने की बात सामने आई है, इस संबंध में गोपालपुर सब स्टेशन से जानकारी ली जा रही है।

# दशा माता पर पीपल का पूजनः महिलाओं ने बांधा डोरा, मांगी खुशहाल परिवार की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



होली के बाद आने वाली दशमी पर शुक्रवार को नगर सहित आसपास के गांवों में महिलाओं ने दशा माता व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्रित हुईं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व कष्टों के निवारण की कामना की।

महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर जल अर्पित कर हल्दी, कुमकुम, सिंदूर और दही चढ़ाया। इसके बाद 10 गांठों वाला सूत का धागा (डोरा) पीपल के पेड़ पर बांधकर उसकी परिक्रमा की। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने 10 परिक्रमाएं लगाईं और दशा माता की कथा श्रद्धापूर्वक सुनी। इस दौरान राजा नल-दमयंती की कथा का भी वाचन किया गया।

महिलाओं ने बताया कि मान्यता है कि दशा माता का व्रत करने से घर की विपरीत दशा दूर होती है और परिवार में सुख-शांति तथा समृद्धि बनी रहती है। इसी विश्वास के साथ महिलाओं ने पूजा कर अपने परिवार की खुशहाली और अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के बाद परंपरा के अनुसार महिलाएं पीपल के पेड़ से छाल का छोटा सा टुकड़ा घर लेकर आईं और उसे घर के पूजा स्थल पर स्थापित किया। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और परिवार पर आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। नगर के सहित ग्रामीण अंचलों ओर विभिन्न मोहल्लों और मंदिरों के पास स्थित पीपल वृक्षों के नीचे सुबह से ही पूजा का सिलसिला चलता रहा।

महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूजा में शामिल हुईं और सामूहिक रूप से दशा माता की आराधना की। धार्मिक माहौल में भक्ति गीतों और कथा वाचन के साथ पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ था

# ‘नियम जनता की सुविधा के लिए बने हैं, यदि प्यासे को पानी पिलाने के लिए नियम तोड़ना पड़े, तो हम पीछे नहीं हटेंगे’

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




न्यास कॉलोनी के पीछे स्थित समरसता नगर के 50 गरीब परिवारों के लिए शनिवार का दिन नई उम्मीद लेकर आया। इन परिवारों के मकानों पर टीन शेड हटाकर सीमेंट की पक्की छत बनाने के कार्य का भूमिपूजन विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। विशेष निधि से 45 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस निर्माण से वर्षों से टपकती छतों की समस्या का अंत होगा।

### नियम जनता की सुविधा के लिए बनाए जाते हैंः डॉ शर्मा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने विरोधियों और कथित ब्लैकमेलरों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कड़े लहजे में कहा, नियम जनता की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं। यदि प्यासे को पानी पिलाने के लिए नियम तोड़ना पड़े, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। क्या आग लगने पर अनुमति का इंतजार किया जाता है? वैसे ही प्यासे को पानी और गरीबों को छत देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने निवासियों को आश्वस्त किया कि वर्तमान में छत डाली जा रही है, भविष्य में व्यक्तिगत शौचालयों की मांग पर भी विचार किया जाएगा।

### नपाध्यक्ष बोलेः पानी का कृतिम संकट बना रहे कांग्रेसी

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर में पानी के मुद्दे पर हो रही राजनीति और शिकायतों के दौर पर तीखा प्रहार किया। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि ₹आज जो लोग पानी के लिए सड़कों पर उतरने का नाटक कर रहे हैं, पानी का कृतिम संकट दिखा रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि मेहराघाट जलावर्धन योजना उनकी ही परिषद के समय शुरू हुई थी। उन्होंने सब कुछ इतना 'उल्टा-पुल्टा' करके छोड़ा कि उसे पटरी पर लाने में हमें पसीना बहाना पड़ रहा है। हमें उनकी गलतियों की गालियां सुननी पड़ रही हैं, लेकिन हम भागेंगे नहीं, हम मेहराघाट का पानी घर-घर पहुँचाकर ही दम लेंगे। बहुत जल्दी ही मेहराघाट से पानी लेकर आने वाले हैं।

नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि अधिकारियों और नियमों का हवाला देते हुए कहा कि यदि हम केवल कागजी नियमों के पैमाने से नगरपालिका चलाएंगे, तो जनहित और विकास कार्यों की गति धीमी हो जाएगी। उन्होंने खुलासा किया, अधिकारी तो नियम जानते हैं, लेकिन जनहित व शहर के हित में हमारे आग्रह पर वे कई बार नियमों से परे जाकर काम करते हैं। ऐसे में कुछ 'ब्लैकमेलर' इसे ढाल बनाकर बखेड़ा खड़ा करते हैं और यह भ्रम फैलाते हैं कि बिना काम के राशि निकाल ली गई। उन्होंने विरोधियों को नसीहत देते हुए कहा कि केवल विरोध करने से विकास नहीं होता। विकास के अनेक आयाम हैं। आप विरोध तो अच्छा कर रहे हैं, लेकिन कभी 'जल संरक्षण' जैसे सकारात्मक मुद्दों पर भी राजनीति कीजिए। हम ईमानदारी से काम कर रहे हैं, इसीलिए आज लोकतंत्र में भाजपा की सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान रचे हैं।

**योजना की मुख्य बातेंः** लाभार्थी 50 गरीब परिवार।

लागतः 45 लाख रुपये (विशेष निधि)।

अतिरिक्त सुविधाः पुराने सामुदायिक शौचालय के स्थान पर नया शौचालय और जल संकट में टैंकरों की व्यवस्था।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूदः

इस कार्यक्रम में एसडीएम नीलेश शर्मा,सीएमओ रितु मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, भाजपा महामंत्री शैलेंद्र दुके, सभापति राकेश जाधव, मंजीत कलोसिया, पार्षद जिमी कैथवास, कुंदन गौर, अमित विश्वास, शुभम गौर, पार्षद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, राजकुमार यादव, राहुल पटेल, नगरपालिका एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री मयंक अरोरा, महिला बाल विकास अधिकारी दिप्ती शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

### जिले की 272 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन



**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (**HPV**) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 272 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

### जनगणना 2027 के लिए द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**सीहोर।** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के उद्देश्य से जिले में द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष एवं ई-दक्षता केंद्र में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आगामी जनगणना के प्रथम चरण में प्रस्तावित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। जनगणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

ग्रामीणों को मिलेंगी सामाजिक आयोजनों की सुविधा

# ग्राम सिराली में विधायक निधि से बनेगा भवन 20 लाख के मांगलिक भवन का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



लाड़कई मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिराली में शुक्रवार को 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मांगलिक भवन का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह भवन विधायक निधि से स्वीकृत हुआ है। भूमि पूजन कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष पवन मीणा की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

मंडल अध्यक्ष पवन मीणा ने बताया कि बुधनी विधानसभा के विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम सिराली में मांगलिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि लाड़कुई मंडल क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में विकास कार्यों को गति मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क निर्माण से लेकर आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल भवन और ग्राम पंचायत भवन जैसे कई निर्माण कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही किसानों की सुविधा के लिए खेत सड़कों का भी निर्माण कराया गया है, जिससे खेती और परिवहन कार्य आसान हो सके।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का उद्देश्य यह है कि गांवों में रहने वाले किसान, महिलाएं, बच्चे और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मांगलिक भवन बनने से गांव में धार्मिक, विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें और अन्य आयोजनों के लिए एक स्थायी स्थान उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने निर्माण कार्य जल्द शुरू करने और समय पर पूर्ण कराने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि अमित यादव, कचरू पटेल, विष्णु यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतरता की उम्मीद जताई।

# मौत के दो हफ्ते बाद भी कार्यवाही शून्य निजी अस्पताल पर जिम्मेदार बेसुध बने

## मरीज की मौत के बाद भी जांच कछुआ गति से, जिम्मेदार पर कब गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




रेहटी स्थित निजी अस्पताल विजयासन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मरीज की मौत के मामले में लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शुरुआत में जांच और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक मामला सिर्फ जांच के दायरे में ही घूमता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम बोरघाटी निवासी मनीराम को तबीयत बिगड़ने पर रेहटी के निजी विजयासन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था।

लेकिन अब लगभग दो हफ्ते बीतने को हैं और जांच की रफ्तार पर सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले में पहले भी कई बार अधिकारियों ने “जांच जारी है” कहकर जवाब दिया, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर दोषी कौन है और कार्रवाई कब होगी। इस मामले में बात करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीहोर डॉ. सुधीर डेरिया ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली जा रही है। हालांकि इस बयान के बाद भी यह सवाल बना हुआ है कि लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद जांच इतनी धीमी गति से क्यों चल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला स्पष्ट होने के बावजूद जांच “कछुआ गति” से आगे बढ़ रही है। आरोप है कि जिस अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं था, वहां हृदय संबंधी समस्या वाले मरीज का इलाज किया गया और अंततः उसकी मौत हो गई। ऐसे में जांच में देरी कई तरह के सवाल खड़े कर रही है। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि कई गंभीर मामलों में पुलिस 24 घंटे के भीतर हत्या या डकैती जैसे मामलों का खुलासा कर देती है, लेकिन इस मामले में दो सप्ताह बाद भी जांच का कोई स्पष्ट परिणाम सामने नहीं आया है।

वहीं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर स्तर पर भी कार्रवाई को लेकर केवल पत्राचार और रिपोर्ट की प्रक्रिया चलने की बात कही जा रही है।

इस पूरी स्थिति को लेकर क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कहीं जांच को जानबूझकर लंबा तो नहीं खींचा जा रहा, ताकि समय बीतने के साथ मामला ठंडा पड़ जाए और निजी अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई का दबाव कम हो जाए।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस मामले में जिम्मेदारी किसकी तय होगी और दोषियों पर कब कार्रवाई होगी, या फिर जांच के नाम पर मामला धीरे-धीरे फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## खबर संक्षेप



### 9 शिविरों में 9589 दिव्यांगों की स्क्रीनिंग

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जिले में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष स्क्रीनिंग शिविरों का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। अभियान का अंतिम शिविर 13 मार्च को ग्राम पंचायत सोडलपुर में आयोजित किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि दिव्यांगों की पहचान और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए जिले के 9 विभिन्न स्थानों पर इन शिविरों का आयोजन किया गया था। इस अभियान में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारियों और विशेषज्ञों की टीम ने न केवल शिविरों में, बल्कि आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों में भी पहुंचकर सघन स्क्रीनिंग की। इस पूरे अभियान के दौरान कुल 9589 दिव्यांगों की स्क्रीनिंग दर्ज की गई है। सिंह ने बताया कि स्क्रीनिंग के बाद अब विभाग द्वारा चिन्हित किए गए हितग्राहियों के दिव्यांग सर्टिफिकेट तैयार करने की प्रक्रिया की जाएगी। पात्र हितग्राहियों को कल्याणकारी योजनाओं, सहायक उपकरणों और पेंशन स्कीमों का लाभ सीधे मिल सकेगा।

### जिले में आज बिजली की कटौती होगी

**हरदा।** जिला मुख्यालय के कई क्षेत्रों में रविवार 15 मार्च को बिजली कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी के अनुसार नए ट्रांसफार्मर स्थापित करने और 33 केवी कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य के कारण यह कटौती की जा रही है। बिजली आपूर्ति तीन अलग-अलग शिफ्टों में प्रभावित रहेगी। जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसी तरह सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 11 केवी सब्जी मंडी फीडर और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक 11 केवी ग्वालानगर फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली कटौती के दौरान सिविल लाइन, अभिषेक ग्रीन वैली कॉलोनी, भवानी कुंज, घंटाघर, प्रताप सिटी, माँ रेवा सिलिकॉन सिटी, इमलीपुरा, मानपुरा, जोशी कॉलोनी, चौबे कॉलोनी, बस स्टैंड, गुर्जर बोर्डिंग, हॉस्पिटल चौराहा, ग्वालानगर, विकास नगर, साई आर्य कॉलोनी, विजय नगर और गुलाब सिटी सहित कई क्षेत्रों में बिजली प्रभावित होगी। यदि कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा हो जाता है तो बिजली आपूर्ति जल्दी बहाल कर दी जाएगी।

### भूतड़ी अमावस्या पर ड्यूटी लगाई गई

**सीहोर।** भूतड़ी अमावस्या पर श्रद्धालु आंवलीघाट पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 17 से 19 मार्च तक अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

---

कचरा डंपिंग साइट पर सुबह करीब 4 बजे अज्ञात कारणों से आग लगी

# आग में ट्रीटमेंट प्लांट की लाखों रुपए की मशीनरी जलकर खाक

*सूचना देने के ढाई घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, सीएमओ बोले आग लगने के कारणों की जांच की जा रही*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की टिमरनी नगर परिषद के ग्राम सामरधा स्थित कचरा डंपिंग साइट पर शनिवार सुबह करीब 4 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में ट्रीटमेंट प्लांट में लगी लाखों रुपये की मशीनरी जलकर खाक हो गई है। फिलहाल दमकल की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। यह साइट करीब दो एकड़ क्षेत्र में फैली है, जहां टिमरनी शहर के 15 वार्डों से निकलने वाला कचरा डंप किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि आग सुबह 6 बजे लगी थी। सूचना देने के ढाई घंटे बाद सुबह 8:30 बजे फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम संजीव कुमार नागू, सीएमओ प्रियव्रत बकोरिया और अन्य जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय क्षेत्र में हजारों एकड़ की फसल पककर तैयार खड़ी है। कचरे की आग की चिंगारी से खेतों में खड़ी फसल को बड़ा नुकसान हो सकता था। दमकल के देरी से पहुंचने पर ग्रामीणों ने खुद बाल्टियों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। उनकी इस मुस्तैदी से आसपास के खेतों में खड़ी फसल को जलने से बचाया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि वे डंपिंग साइट की इस समस्या को लेकर पहले भी अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक इस मामले में कोई समाधान नहीं किया गया है। कचरे से निकलने वाले जहरीले धुएं और बदबू के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीणों को अस्थमा और चर्म रोग जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में सीएमओ प्रियव्रत बकोरिया ने कहा, फिलहाल फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने के कारणों की जांच क\

---

श्री हिंदू उत्सव समिति का भव्य आयोजन

# रामनवमी पर प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी



**हरदा।** नवदुर्गा के पावन पर्व के दौरान श्री रामनवमी पर्व को श्री हिन्दू उत्सव समिति हरदा के द्वारा धर्म, संस्कृति और भक्ति के अनूठे भाव को दृष्टिगत रख प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

27 मार्च शुक्रवार को सायंकाल 4.00 बजे से संत रविदास चौक से प्रारंभ होने वाली प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा घंटाघर ,चांडक चौराहा , नारायण टाकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड , जे पी माल, अस्पताल चौराहा, से खेत वाली माता मंदिर ,सिंधी कालोनी, डूडी निवास, से परशुराम चौक पर एक धर्म सभा के रुप में समाप्त होगी। इस वर्ष की शोभा यात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण जानकीजी, हनुमान जी, केवट तथा शबरी माता की भव्य झांकियां धर्मप्रेमियों के लिए मुख्य आकर्षण का स्त्रोत रहेगी। इसके साथ ही भजन कीर्तन, ढोल, नगाड़े एवं महापुरुषों की दिव्य झांकियां, अखाड़ों का शौर्य प्रदर्शन, सुसज्जित वाहन आकर्षक रथ,मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे। इसके लिए श्री हिन्दू उत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल हरदा के माध्यम से व्यापक रुप से समिति गठित कर प्रभु श्री राम के प्राकट्योत्सव को गरिमामय मनाने हेतु गठित की गई है। इस आयोजन हेतु गठित समिति के लिए डा.प्रभु शंकर शुक्ल, नरेन्द्र भांबू के द्वारा मार्गदर्शन प्रदत्त किया गया। इस आयोजन के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुन्नालाल धनगर को मनोनीत किया गया। समिति के अन्य मुख्य दायित्व हेतु उपाध्यक्ष 12 सचिव पद के लिए रविलाल पटेल सहित 10 सह सचिव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र राठी सह कोषाध्यक्ष 6, युवा आयाम अध्यक्ष राहुल पुनिया सहित 25 सह संयोजक, प्रचार प्रमुख एल एन पाराशर सहित नगर एवं ग्रामीण गणमान्य नागरिकों को सम्मिलित किया। आयोजित बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा इसे भव्य तथा गरिमा पूर्ण बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। दर्शन सिंह गेहलोत उपाध्यक्ष जिला पंचायत, ओमप्रकाश राठौर एवं अन्य नागरिकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में इसे उत्साह तथा उमंग से मनाने हेतु प्रेरित करने हेतु बहुमूल्य सुझाव दिए। संचालन कर रहे बसंत राजपूत के द्वारा वंदे मातरम्‌ गीत का गायन कर समापन किया गया।

---

मेडिकल स्टोर खोलने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की

# महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली में शुक्रवार शाम एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले मेडिकल स्टोर खोलने के लिए 10 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। 6 महीने की गर्भवती होने के बावजूद महिला को इलाज से वंचित रखा गया और प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति सहित 6 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 11 मई 2025 को सीहोर जिले की भेरुदा तहसील के ग्राम दीपगांव निवासी संदीप कीर से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत के अनुसार, 16 फरवरी 2026 को सुबह करीब 11 बजे ससुराल वालों ने फिर दहेज को लेकर उससे कहासुनी की। पीड़िता ने जब बताया कि वह 6 माह की गर्भवती है और उसे इलाज की जरूरत है, तो परिजनों ने इनकार कर दिया। ससुराल वालों ने कहा कि जब तक वह मायके से 10 लाख रुपए नहीं लाएगी, तब तक उसे न तो इलाज मिलेगा और न ही ठीक से खाना-पीना दिया जाएगा। उन्होंने साफ कह दिया कि पैसे नहीं मिले तो वह अपने मायके चली जाए। पीड़िता ने आपबीती अपने पिता देवीसिंह कीर और भाई विशेष कीर को बताई। इसके बाद उसका भाई उसे लेने भेरुदा पहुंचा। आरोप है कि मायके आते समय ससुराल वालों ने पीड़िता के पास मौजूद सभी सोने के गहने उससे छीन लिए और उसे उसके भाई के साथ भेज दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति संदीप उर्फ रामू कीर, सास बसुबाई, ससुर गेंदालाल, देवर प्रदीप, बड़े ससुर प्रहलाद और बड़ी सास माया कीर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

---

गणगौर महोत्सवः द्वितीय दिवस माहौल भक्तिमय बना दिया

# भजनों व प्रस्तुतियों से दर्शक भाव-विभोर हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



करीबी ग्राम बालागांव में गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के द्वितीय दिवस विभिन्न गांवों से आए मंडलों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना दिया। माता के भजनों और झांकी प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए।

महोत्सव में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, माताएं और बहनें शामिल हो रही हैं। दिन के समय महिलाएं आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक ह्यपातीह्व खेलती हैं, जिसमें आसपास के गांवों के महिला मंडल भाग लेकर लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती हैं। रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में मां गायत्री गणगौर मंडल गोदागांव, श्री बालाजी गणगौर मंडल खिड़कियां और श्री हरि ओम गणगौर मंडल बिसोनी कला द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम की माताओं-बहनों एवं गोरणी बाइयों द्वारा माता के पंडाल में सुंदर झालर अर्पित कर की गई। इसके बाद माता रानी के प्रसाद के रूप में मेवा का वितरण भी किया गया। गणगौर का आयोजन शिवनारायण गौर, भगवानदास गौर एवं पवन गौर द्वारा किया जा रहा है गणगौर महोत्सव के चलते पूरे गांव में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

---

1600 सिलेंडर की बुकिंग वेटिंग

# एजेंसी संचालक बोले सर्वर की वजह से देरी



**सीहोर।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। हालांकि पिछले दो दिनों में करीब 1600 बुकिंग वेटिंग में पहुंच गई हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, अचानक ज्यादा बुकिंग आने या लोग मोबाइल नंबर अपडेट कराने पहुंचने के कारण सर्वर कुछ समय के लिए धीमा या डाउन हो जाता है। इसी वजह से बुकिंग में थोड़ी देरी हो रही है।

### शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम शुरू

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गैस से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए जिला और अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम शुरू किया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9111568661 है। यह कंट्रोल रूम अगले आदेश तक रोज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा।

**कालाबाजारी रोकने के लिए बैठकः** गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने एलपीजी वितरकों के साथ बैठक की। बैठक में घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जमाखोरी या कालाबाजारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आष्टा की कई गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया।

### कुछ कमर्शियल उपभोक्ताओं को फिलहाल सप्लाई बंद

ऑयल कंपनी के अनुसार अभी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, फैक्ट्री और औद्योगिक इकाइयों को कमर्शियल गैस की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। जरूरी सेवाओं जैसे अस्पताल, स्कूल, पुलिस, सीआरपीएफ, डिफेंस और जेल आदि के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आकलन किया जा रहा है।

### एजेंसी संचालक बोले-गैस की कोई कमी नहीं

गैस एजेंसी संचालक मुस्तफा हुसैन ने बताया कि जिले में गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लोग ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर अपडेट कराने आ रहे हैं और अचानक ज्यादा कॉल या बुकिंग होने से सर्वर धीमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि वेटिंग बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है।

---

# पारस विहार वाटिका पहुंची गणगौर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल और माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में दोनों के सहयोग से 10 दिवसीय गणगौर उत्सव की शुरुआत बीते दिनों हुई। उत्सव की शुरुआत शीतला सप्तमी में ज्वारे बोए जाते हैं। परंपरा अनुसार बोए जवारो का समापन तीज पर यानी गणगौर पर किया जाएगा। पर्व के चौथे दिन पारस विहार वाटिका में ढोल बाजे के साथ महिलाओं ने गणगौर निकाली। गणगौर माता कि विधि विधान से से पूजा कर उनको ज्वारे अर्पित किए। साथ ही महिलाओं ने पारम्परिक गीत गाकर सर्व समाज की की महिलाएं सुख संमृद्धि की कामना की। महिला मंडल ने बताया कि गणगौर पर्व के दौरान महिलाएं गणगौर को बगीचे में ले जाई जाती जाती है। जिसमें सर्व समाज, माहेश्वरी, सोनी, ब्राह्मण, अग्रवाल समाज की महिलाएँ शामिल होती है। शुक्रवार को पारस वाटिका में अंजू अग्रवाल के यहां गणगौर का स्वागत किया। पांचवे दिवस शनिवार को गणगौर गीत सोडानी के निवास स्थान बस स्टैंड जाएगी। माहेश्वरी समाज की सचिव रजनी बहेती ने सभी से आग्रह किया कि सभी मिलजुलकर गणगौर उत्सव मनाए। इस दौरान संगीता राठी, प्रतिभा झावर, शोभा चंडक, आभा कासट, ममता पितलिया, पुष्पा सोनी, मोहिनी, अध्यक्ष रुकमणी रोहिला और प्रेमलता रूठिया, संध्या मोदी, ज्योति मोदी, उमा भारतीय आदि मौजूद रहीं।

---

9 दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी पर होगा

# चैत्र नवरात्र 19 से : डोली पर सवार होकर आएंगी मां अंबे, शुभ संयोगों के बीच शुरू होगा नव संवत्सर 2083

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आगामी 19 मार्च से शुरू होगा। इसी दिन से सनातन नववर्ष यानी नव संवत्सर 2083 का भी आगाज होगा। चैटी चांद का पर्व भी इस दौरान उत्साह के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के देवी मंदिरों से लेकर घर-घर में घटस्थापना और मां शक्ति की आराधना की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार मां अंबे का आगमन डोली में हो रहा है। जो सुख-समृद्धि का संकेत तो है, लेकिन साथ ही स्वास्थ्य और आर्थिक निवेश के मामलों में विशेष सावधानी बरतने का भी संदेश देता है। पंडित राजेश पौराणिक, संजय शर्मा और आयुष्मान तिवारी के अनुसार इस बार नवरात्र के पहले दिन दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहे हैं। चैत्र प्रतिपदा के दिन शुक्ल योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और छत्र योग का त्रिवेणी संगम हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन शुभ योगों में की गई पूजा-पाठ और कलश स्थापना से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुखों का नाश होता है। 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी के अवसर पर होगा। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।

### नूतन संवत्सर 2083: गुरु होंगे 'राजा' और मंगल 'मंत्री'

पं. तिवारी के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। इस बार वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे। नए संवत्सर का नाम रौद्र होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार गुरु के राजा होने से धार्मिक कार्यों में वृद्धि होगी। जबकि मंगल के मंत्री होने से साहसिक निर्णयों और भू-राजनीतिक गतिविधियों में तेजी देखी जा सकती है। नवरात्र के दौरान ही 21 मार्च को गौरी तृतीया (गणगौर तीज) का व्रत रखा जाएगा और रामनवमी पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मंदिरों में विशेष तैयारियां 9 दिन रहेगी धूम

नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में मां दुर्गा मंदिर मंदिर, शीतला माता मंदिर, गायत्री मंदिर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से ही अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी और प्रतिदिन विशेष श्रृंगार, महाआरती व नवचंडी पाठ का आयोजन होगा। इस दौरान नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे पर स्थित मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड पाठ के आयोजन संपन्न होंगे।

पंडित संजय शर्मा के द्वारा यहां पर विशेष रूप से पूजन संपन्न की जाती है। महागौरी की आराधना करने के साथ ही प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना संपन्न होता है।

### गायत्री मंदिर में गूंजेंगे महामंत्रः 9 दिवसीय अखंड जप और यज्ञ

नगर के गायत्री मंदिर में पिछले कई वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी यहाँ 9 दिवसीय अखंड गायत्री महामंत्र जप और हवन-यज्ञ का सिलसिला चलेगा। गायत्री शक्तिपीठ में कई साधक नौ दिनों तक कठिन व्रत का पालन करते हुए मंत्र साधना में लीन रहेंगे। प्रतिदिन गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण शुद्ध और सकारात्मक बनेगा। मंदिर प्रबंधन के अनुसार सामूहिक साधना का उद्देश्य विश्व शांति और जन-कल्याण है। इसके अतिरिक्त नगर में भक्त अखंड ज्योत जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। कई परिवारों में कुलदेवी की विशेष पूजा की भी परंपरा है। 19 मार्च को सुबह शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों का यह तप शुरू हो जाएगा।

---

# शिविर लगाकर किया गया 675 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 13 मार्च को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 496 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 179 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 83 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।